भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2583**
उत्तर देने की तारीख 2 अगस्त, 2022
11 श्रावण, 1944 (शक)

## एनएसडीएफ के अंतर्गत परियोजनाएं

2583 श्री बी.वाई. राघवेन्द्रः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) के अंतर्गत निश्चित/निश्चित की जा रही और संचालित की जा रही परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कर्नाटक सरकार द्वारा दिनांक 29 जुलाई, 2021 को भेजी गई फाइल के संदर्भ में भेजे गए प्रस्तावों में 50 प्रतिशत लागत, अर्थात् रुपये 36.90 करोड़ को वहन करने के साथ शिवमोगा स्मार्ट सिटी में 25 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने पर सहमति बनी है;

(ग) क्या सरकार ने इसकी लागत का 50 प्रतिशत यानी 36.90 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी करने के लिए कोई कदम उठाए हैं, और

(घ) यदि हां, तो शिवमोगा में खेल अकादमी की स्थापना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत चिन्हित/चिन्हित की जा रही और संचालित की जा रही परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है ।

(ख) से (घ): एनएसडीएफ को कर्नाटक राज्य को 36.90 करोड़ रु. जारी करने के लिए कर्नाटक राज्य सरकार से अनुरोध प्राप्त हुआ और एनएसडीएफ की कार्यकारी समिति (ईसी)

ने यह निर्णय लिया कि इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जा सकता और इस निर्णय को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के दिनांक 24 सितंबर, 2021 के पत्र द्वारा कर्नाटक सरकार को संसूचित कर दिया गया ।

****

अनुबंध

‘एनएसडीएफ के अंतर्गत परियोजनाएं’ के संबंध में श्री बी.वाई. राघवेन्द्र, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 02.08.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2583 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

| | | | | (रु.) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | उद्देश्य/परियोजना | लाभार्थी का नाम | राज्य | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | कुल |
| 1 | जगाधरी, यमुना नगर (हरियाणा) में राष्ट्रीय भारोत्तोलन और पावरलिफ्टिंग उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण और कोचिंग केंद्र की स्थापना के लिए | कर्णम मल्लेश्वरी फाउंडेशन | हरियाणा | 27,500,000.00 | | 15,000,000.00 | 42500000.00 |
| 2 | बोमडिला में 7 से 10 अक्टूबर, 2019 के दौरान चिडांग महोत्सव के आयोजन के लिए | चिडांग महोत्सव समिति | अरुणाचल प्रदेश | 290,0000.00 | | | 290000.00 |
| 3 | अवसंरचना विकास के लिए | अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन | कर्नाटक | 25,000,000.00 | | 25,000,000.00 | 50000000.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | उपकरणों की खरीद के लिए | गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन, पुणे | पुणे | 50,000,000.00 | | | 50000000.00 |
| 5 | संस्कृत भारती के विश्व कप सम्मेलन के आयोजन के लिए 9-11 नवंबर, 2019 को नई दिल्ली में | संस्कृत भारती | दिल्ली | 2,000,000.00 | | | 2000000.00 |
| 6 | विश्वविद्यालय परिसर में खेल अवसंरचना के निर्माण/ उन्नयन के लिए | गुरु नानक देव विश्वविद्यालय | पंजाब | 5,000,000.00 | | | 5000000.00 |
| 7 | अवसंरचना विकास हेतु : वैपकोस के माध्यम से छात्रावास का निर्माण | लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा एवं खेल संस्थान, ग्वालियर | मध्य प्रदेश | 25,000,000.00 | | 100,000,000.00 | 125000000.00 |
| 8 | 22वीं राष्ट्रीय वनवासी तीरंदाजी एवं कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन हेतु | अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, कानपुर | उत्तर प्रदेश | 1,875,000.00 | 625,000.00 | | 2500000.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | दो पैरा खिलाड़ियों के लिए व्हील चेयर की खरीद हेतु | भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) | दिल्ली | 6,93,748.00 | | | 693748.00 |
| 10 | सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के लिए | भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), क्षेत्रीय केंद्र, कांदिवली | दिल्ली | 25,000,000.00 | | | 25000000.00 |
| 11 | 9 तीरंदाजों के लिए तीरंदाजी उपकरणों हेतु | भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) | दिल्ली | | 3,373,100.00 | | 3373100.00 |
| 12 | टीओपीएस विकास समूह के साइकिलिस्ट के लिए साइकिल और पुर्जों की खरीद हेतु | भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) | दिल्ली | | 5,052,000.00 | | 5052000.00 |
| 13 | फर्नीचर सहित 330 बिस्तरों की क्षमता वाले छात्रावास के निर्माण हेतु। | भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) | बैंगलोर | | | 125,000,000.00 | 125000000.00 |
| 14 | सिविल कार्य और ओपन एयर जिम की स्थापना। | अरुणाचल प्रदेश सरकार | अरुणाचल प्रदेश | | | 29,647,000.00 | 29647000.00 |
| 15 | सिविल सेवा अधिकारी | सिविल सेवा | दिल्ली | | | 15,060,822.00 | 15060822.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संस्थान के परिसर में खेल सुविधाओं के निर्माण/नवीनीकरण हेतु | अधिकारी संस्थान (सीएसओआई) | | | | | |
| 16 | सीसीएससीएसबी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, विनय मार्ग, नई दिल्ली के नवीनीकरण के लिए। | केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक और खेल बोर्ड (सीसीएससीएसबी) | दिल्ली | | | 7,765,000.00 | 7765000.00 |
| 17 | मालदीव क्रिकेट बोर्ड को उपकरण उपलब्ध कराने/उपहार देने के लिए | भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) | दिल्ली | | | 5,300,0000.00 | 5300000.00 |
| 18 | राष्ट्रीय स्तर के जूनियर गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन | गोल्फ फाउंडेशन | दिल्ली | | | 1,875,000.00 | 1875000.00 |
| 19 | अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 2 कोर्ट बैडमिंटन हॉल के निर्माण के लिए | अरुणाचल प्रदेश सरकार | अरुणाचल प्रदेश | | | 15,000,000.00 | 15000000.00 |
| | | | कुल | 162358748.00 | 9050100.00 | 339647822.00 | 511056670.00 |

****